# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-अप्रैल, 2016 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## शुक्रवार, दिनांक 11 मार्च, 2016 (फाल्गुन 21, 1937)

## समय 10.30 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री बाबूलाल गौर, गृह मंत्री, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल का तैंतीसवां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा वर्ष 2013-2014 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री निशंक कुमार जैन, सदस्य, विदिशा जिले के मजराटोलों को राजस्व ग्राम घोषित न किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री लखन पटेल, सदस्य, दमोह जिले के ग्राम सूखा में स्थित ट्यूबवेल से जहरीली गैस के ब्लास्ट से महिला की मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्रीमती अर्चना चिटनिस, सदस्य, बुरहानपुर जिले में मौसम यंत्र न लगाये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी.

(4) श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार, सदस्य, मुरैना जिले में नहर की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किये जाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) डॉ.गोविन्द सिंह, सदस्य, प्रदेश में अमानक कृमिनाशक दवा पीने से अनेक बच्चे बीमार होने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) श्रीमती सरस्वती सिंह, सदस्य, सिंगरौली जिले के ग्राम झलरी में भूमि का गलत नामान्तरण किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी.

(7) श्री गिरीश भण्डारी, सदस्य, राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ क्षेत्र में सूखा राहत राशि वितरण में अनियमितता किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) श्री दिलीप सिंह शेखावत, सदस्य, नागदा शहर में प्रदूषित पेयजल का प्रदाय किये जाने की ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) डॉ.गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के ग्राम पंचायत उदोतपुरा में शौचालय निर्माण में अनियमितता होने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) श्री बहादुर सिंह चौहान, सदस्य, उज्जैन जिले के ग्राम रूपेटा से कृषक का ट्रेक्टर चोरी किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, सदस्य, अनूपपुर जिले के ग्राम गोधन पाटन से निगौरा तक सड़क निर्माण एवं तिपान नदी पर पुल का निर्माण किये जाने,
(2) कुँवर सौरभ सिंह, सदस्य, कटनी जिले के ग्राम शिकारपुरा के पीपलवाले तालाब की मेढ़ बंधान तथा विस्तारीकरण किये जाने,
(3) श्री मुकेश नायक, सदस्य, पन्ना जिले के ग्राम जरगवां में संचालित हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने,
(4) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्य, अशोक नगर जिले के ग्राम पठारी में नलजल योजना चालू कराये जाने,
(5) श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के पलेरा नगर में आई.टी.आई. खोले जाने,
(6) श्री नारायण सिंह पंवार, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम सलेहपुर स्थित पुटी नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,
(7) श्री सचिन यादव,सदस्य,खरगोन जिले के कसरावद स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के परिसर से बिजली के पोल एवं तारों को हटाये जाने,
(8) श्री प्रदीप अग्रवाल, सदस्य, दतिया जिले के ग्राम भगुवापुरा में एक पशु अस्पताल खोले जाने,
(9) श्री संजय उइके, सदस्य, बालाघाट जिले के ग्राम भीमलाट से सारसडोल तक सड़क का पुन: निर्माण किये जाने,
(10) श्री अमर सिंह यादव, सदस्य, राजगढ़ जिले के कालीपीठ से मनोहर थाना तक मार्ग का डामरीकरण कराने,
(11) श्री नीलेश अवस्थी, सदस्य, जबलपुर जिले के कटंगी में संचालित बालक उ.मा.वि. में नये शाला भवन का निर्माण कराये जाने,
(12) श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य, नीचम जिले के-
  (क) ग्राम जवासा के माध्यमिक स्कूल को हाई स्कूल में उन्नयन कराये जाने, तथा
  (ख) ग्राम पंचायत घसुण्डी जागीर हाई स्कूल का हायर सेकेण्ड्री स्कूल में उन्नयन किए जाने,
(13) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य, श्योपुर जिले में कन्या महाविद्यालय स्वीकृत किये जाने,
(14) श्री अरूण भीमावद, सदस्य, शाजापुर जिले के ग्राम पंचायत तिलावद गोविन्द से आक्या चौहानी तक सड़क निर्माण किये जाने,
(15) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम जामगांव के शासकीय माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,
(16) श्री अशोक रोहाणी, सदस्य,जबलपुर जिले की शासकीय प्राथमिक शाला कंचनपुरा का उन्नयन माध्यमिक शाला में कराये जाने,
(17) श्री वीर सिंह पंवार, सदस्य, विदिशा जिले के ग्राम छीरखेड़ा में माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,
(18) श्री शैलेन्द्र पटेल, सदस्य, सीहोर जिले के ग्राम पठारिया सीधा ,पठारिया बांका के बीच नाले पर पुलिया निर्माण किये जाने,

-2-

(19) श्री आर.डी. प्रजापति, सदस्य, छतरपुर जिले के ग्राम पलटा से बदौराकला तक प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़े जाने,
(20) श्री गोवर्धन उपाध्याय, सदस्य, विदिशा जिले के ग्राम आंनदपुर में नलजल योजना को शीघ्र पूर्ण कराये जाने,
(21) श्रीमती ममता मीना, सदस्य, गुना जिले के ग्राम नसारपुर में मांगलिक कार्य हेतु सामुदायिक भवन का निर्माण किये जाने,
(22) डॉ. राम किशोर दोगने, सदस्य, हरदा जिले के ग्राम आदमपुर से झुगरिया के बीच नदी पर पुल बनाये जाने,
(23) श्री जालम सिंह पटेल,सदस्य,नरसिंहपुर जिले के करेली के शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल में विज्ञान एवं कॉमर्स संकाय खोले जाने,
(24) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के ग्राम बारछा में तालाब निर्माण कराये जाने,
(25) श्री लाखन सिंह यादव, सदस्य, ग्वालियर जिले के ग्राम ठाठी से सीड़ना के चक तक सड़क निर्माण कराये जाने,
(26) श्री प्रहलाद भारती, सदस्य, शिवपुरी जिले के पार्वती नदी पर स्टाप डेम निर्माण कराये जाने,
(27) श्री प्रताप सिंह, सदस्य, दमोह जिले के ग्राम सारस बगली में माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन कराने,
(28) श्री सुन्दरलाल तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के गुढ़ में संचालित मड़वा हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,
(29) पं. रमाकान्त तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम खरपटा-भनिगंवा मार्ग पर महाना नदी पर पुल निर्माण किये जाने,
(30) श्री कैलाश चावला,सदस्य,नीमच जिले के अल्हेड़ तालाब योजना वि.ख. मनासा में पेयजल एवं सिंचाई समस्या का हल किये जाने,
(31) श्री विजय सिंह सोलंकी, सदस्य, खरगोन जिले के ग्राम बैजापुरा मार्ग का मरम्मत किये जाने,
(32) श्री आरिफ अकील, सदस्य, भोपाल शहर के काजी केम्प पर पुलिया निर्माण किये जाने,
(33) श्री मानवेन्द्र सिंह, सदस्य, छतरपुर जिले की ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना स्वीकृत किये जाने,
(34) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य, मन्दसौर जिले के ग्राम सेजपुरिया में नाला निर्माण कराये जाने,
(35) श्री चम्पालाल देवड़ा, सदस्य, देवास जिले के झूलादड़ से उदयनगर पिपरी तक मार्ग का निर्माण कराये जाने,
(36) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के लहार बरहा सेवढ़ा मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने,
(37) श्री संजय शर्मा, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम नैनवारा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली उपकेन्द्र खोले जाने,
(38) श्री केदारनाथ शुक्ल, सदस्य, सीधी जिले के ग्राम हड़बड़ो-गांधीग्राम में शा.उ.मा. विद्यालय का भवन निर्माण कराये जाने,
(39) श्री आशीष गोविन्द शर्मा, सदस्य, देवास जिले के ग्राम सुरानी से अमोदा तक सड़क बनाये जाने,
(40) श्री दिनेश राय ''मुनमुन'', सदस्य, सिवनी जिले के ग्राम धुँधीटोला (केकड़ा) में नवीन लघु बांध निर्माण किये जाने,
(41) श्री घनश्याम पिरौनियां, सदस्य, दतिया जिले के ग्राम तिघरा, देवरा एवं अन्य क्षेत्रों में यात्री बसों का संचालन कराये जाने,
(42) श्री राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य, रतलाम जिले के ग्राम सुजापुर के हाई स्कूल का उन्नयन हायर सेकेण्ड्री में किये जाने,
(43) श्री सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल, सदस्य, धार जिले के बड़वाक्या से मकड़वानी तक रोड निर्माण कराये जाने, तथा
(44) श्रीमती ललिता यादव, सदस्य, छतरपुर शहर में बायपास का शीघ्र निर्माण कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 5. वर्ष 2015-2016 के चतुर्थ अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री, वर्ष 2015-2016 के चतुर्थ अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

## 6. जल संसाधन मंत्री का वक्तव्य

श्री जयंत मलैया, जल संसाधन मंत्री, दिनांक 15 दिसम्बर, 2015 को पूछे तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्रमांक 2268) के उत्तर के परिशिष्ट में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

**निर्धारित समय**

## 7. वर्ष 2016-2017 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमश:)

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 3 घंटे | (1) | मांग संख्या – 44 | उच्च शिक्षा |
| | | मांग संख्या – 47 | तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास |
| | | मांग संख्या – 70 | तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं |
| 2 घंटे | (2) | मांग संख्या – 39 | खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण |
| 3 घंटे | (3) | मांग संख्या – 27 | स्कूल शिक्षा (प्रारंभिक शिक्षा) |
| | | मांग संख्या – 40 | स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित अन्य व्यय (प्रारंभिक शिक्षा को छोड़कर) |
| 3 घंटे | (4) | मांग संख्या – 12 | ऊर्जा |
| | | मांग संख्या – 25 | खनिज साधन |
| | | मांग संख्या – 32 | जनसम्पर्क |
| | | मांग संख्या – 76 | नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा |

## 8. अशासकीय संकल्प

(1) श्रीमती रंजना बघेल, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगी -

45 मि. "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि मध्यप्रदेश की जन जाति का उत्सव जो कि वर्तमान में "भगोरिया" उत्सव के नाम से जाना जाता है,को संशोधित कर "भंगर्या" के नाम से जाना जाये तथा शब्द "प्रणय पर्व" को विलोपित कर संबंधित शासकीय अभिलेखों को संशोधित किया जाये.".

(2) श्री विश्वास सारंग, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

1 घंटा "सदन का यह मत है कि प्रदेश की सड़कों के रख-रखाव व मरम्मत आदि कार्य के लिये एक कैलेंडर बनाया जाये जिसमें जुलाई -अगस्त में सड़कों का निरीक्षण कर उचित रख-रखाव, सितंबर माह में खराब सड़कों की जानकारी व टेंडर आदि प्रक्रिया तथा अक्टूबर - नवंबर माह में मरम्मत / पैचवर्क आदि कार्य किये जायें.".

(3) श्री रामेश्वर शर्मा, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

45 मि. "सदन का यह मत है कि प्रदेश के सभी निजी कालेजों की समुचित व्यवस्था के लिये प्रत्येक कालेज में जनभागीदारी समिति का गठन किया जाये, जिसमें विधायक या विधायक प्रतिनिधि सदस्य रहे एवं उसकी निश्चित समय पर बैठक भी हो.".

**भगवानदेव ईसरानी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 10 मार्च, 2016**